साइबर सिक्योरिटी विषय पर गोलमेज सम्मेलन का आयोजन

इण्डस्ट्री एवं रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन से आये विशेषज्ञों ने साइबर सुरक्षा को किया मंथन

उत्तर भारत लाइव ब्यूरो
uttarbharatlive.com

देहरादून। वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय यूटीयू और के संयुक्त तत्वाधान में बुधवार को साइबर सिक्योरिटी विषय पर एक राउण्ड टेबल कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। राउण्ड टेबल कॉन्फ्रेंस, विवि के सभागार में आयोजित की गयी। सर्वप्रथम विवि के कुलसचिव आरपी गुप्ता द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित समस्त डेलीगेट्स का स्वागत किया गया। राउण्ड टेबल कॉन्फ्रेंस का उदघाटन संयुक्त रूप से मुख्य अतिथि के रूप में ले. जनरल डॉ. राजेश पंत, नेशनल साइबर सिक्योरिटी कोर्डिनेटर एवं यूटीयू के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह द्वारा किया गया। सीएमआईए के अध्यक्ष प्रो. एनके गोयल द्वारा विवि तथा सीएमएआई के संयुक्त तत्वाधान में गोलमेज सम्मेलन की प्रस्तावना एवं उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए सम्मेलन में उपस्थित सभी विशेषज्ञों, औद्योगिक प्रतिनिधियों, विदेश से आये प्रतिनिधियों एवं सम्मेलन में ऑनलाईन माध्यम से जुड़े विशेषज्ञों एवं साइबर सिक्योरिटी के क्षेत्र में उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। प्रौद्योगिकी विवि और ब्सीएमआईए के संयुक्त तत्वाधान में बुधवार को आयोजित राउण्ड टेबल कॉन्फ्रेंस में ले जनरल डा राजेश पंत ने अपने प्रजेन्टेशन के माध्यम से वर्तमान वैश्विक परिदृश्य विशेषकर भारत के दृष्टिकोण से साइबर सिक्योरिटी के क्षेत्र में कार्य करने एवं इसके महत्व को समझाया। डा. पंत ने भारत सरकार द्वारा इस क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों एवं विभिन्न क्षेत्रों में साइबर थ्रैड के बारे में अवगत कराते हुए सभी को साइबर सिक्योरिटी के प्रति कार्य करने के आह्वान के साथ-साथ इसकी महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने यह भी अवगत कराया कि भारत वर्ष में प्रतिदिन साइबर अपराध से विवि के कुलपति प्रो ओंकार सिंह ने अपने उदबोधन में साइबर सिक्योरिटी की नवीनतम तकनीकी के अनुरूप पाठ्यक्रम का निर्माण, निर्धारण व परिशोधन किये जाने की आवश्यकता पर जोर दिये जाने की बात कही जिससे कि भविष्य में साइबर सिक्योरिटी के क्षेत्र में देश के लिए दक्ष एवं कुशल मानव संसाधन तैयार हो सके। उन्होंने इण्डस्ट्री प्रतिनिधियों से इस विधा में शैक्षणिक उत्कृष्टता प्रदान करने के लिए सभी का आह्वान किया ताकि उत्तराखण्ड राज्य में साइबर सिक्योरिटी के क्षेत्र में विश्वविद्यालय स्तर से दक्ष साइबर योद्धा तैयार किये जा सके। राउण्ड टेबल कॉन्फ्रेंस में डॉ. अरविन्द जाधव आईएएस वाइस चेयरमैन एनसीएसएआई बंगलूरू, सुब्रमण्यम गोर्ती सीईओ सांई सिस्टम, मुम्बई, याकिर दाहारी, थ्रीवे डीएक्स कम्पनी इजराइल, रघुवीर, सीईओ निवेटी सिस्टम, बंगलूरू, चन्द्राई घटक इजराइल दूतावात नई दिल्ली, प्रमोद कुमार विप्रो, मनिन्द्र अग्रवाल आईआईटी कानपुर, अवधेश कुमार क्विक हील , हरिराम सुब्रहमण्यम, आरबीएम मुम्बाई, डा विशाल कुमार, यूपीईएस देहरादून, श्रीमन्त आचार्य, टीसीएस, अंकुर कुमार ओपो एक्स आईबीएम आदि विभिन्न कम्पनियों के मौजूद रहे।